Reg. No. : ...............................

Name : ..................................

**I Semester B.A./B.Sc. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Regular/ Supplementary/Improvement) Examination, November 2023**
**(2020 Admission Onwards)**
**Additional Common Course in Hindi**
**1A07HIN : हिंदी कविता – HINDI KAVITHA**

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'पुतली में संसार' कविता की विशेषताएँ क्या-क्या है ?

2) 'जागो फिर एक बार' कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'पोस्टर और आदमी' कविता में चित्रित विसंगतियों पर प्रकाश डालिए ।

4) ''अज्ञेय जी ने 'नाच' कविता में मानव जीवन के संघर्ष को वाणी दी है'' – समीक्षा कीजिए ।

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **125** शब्दों में लिखिए । **(3×3=9)**

5) कबीर की गुरु महिमा का वर्णन कीजिए ।

6) ''रहीम के दोहे अनुभवों के पर्याय है'' – स्पष्ट कीजिए ।

7) पोस्टर को देखकर लोग क्या-क्या कहते हैं ?

8) 'आर्य' कविता में अभिव्यक्त परोपकार की भावना पर टिप्पणी लिखिए ।

IV. किन्हीं **तीन** पद्यांशों की प्रसंग संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

9) ''सात समंद की मसि करूँ, लेखनि सब बनराइ ।
सब धरती कागद करूँ, प्रभु गुण लिखा ना जाइ ।।''

10) ''ले मिलेगा उर अचंचल
वेदना-जल, स्वप्न-शतदल
जान लो वह मिलन एकाकी
विरह में है दुकेला !''

P.T.O.



11) ''गंगा के उर तक
रेत भर आई है
रेत ही रेत
और खुश हैं
बिल्डर्स
और बिल्डिंग मैटेरियल के विक्रेता
और ख़ुश हैं''

12) ''मेरे पाँव हिल रहे हैं
कंठ सूख रहा है-
मुझे तो देखना था बस आँख का गोला
और मैं इतना अधिक सब कुछ क्यों देख रहा हूँ देव!''

V. किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** वाक्यों में लिखिए । **(8×1=8)**

13) कबीर के अनुसार ईश्वर किन-किन स्थानों में नहीं है ?

14) तुलसीदास किस भक्ति धारा के कवि है ?

15) 'आर्य' कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है ?

16) ज्ञानेंद्रपति की राय में गंगा के शोषण के मुख्य कारण क्या-क्या हैं ?

17) 'पुतली में संसार' कविता में कवि क्यों दुखी है ?

18) अशोक वाजपेयी जी अपनी कविता में एक खिड़की तो खुले रखने के लिए क्यों कहते हैं ?

19) 'जागो फिर एक बार' कविता की पृष्ठभूमि क्या है ?

20) ओम प्रकाश वाल्मीकि की आत्मकथा का नाम क्या है ?

21) कमज़ोर से कमज़ोर आदमी को जीत के लिए किसकी ज़रूरत है ?

22) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस सप्तक के कवि है ?

---